an>

Title: Need to introduce battery-operated rickshaws and develop ropeway system in Matheran, a hill station in Maval Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मावल (महाराष्ट्र) में प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र माथेरान है। यह क्षेत्र ब्रिटिश काल से ही 'इको सेंसिटिव जोन' घोषित किया गया है और इको सेंसिटिव जोन घोषित होने की वजह से यहां पर डीजल गाड़ियों एवं अन्य वाहनों के चलने पर रोक लगी हुई है। पर्यटन क्षेत्र होने से यहां बुजुर्ग, छोटे बच्चे, महिलाएं बड़ी संख्या में आते हैं। माथेरान 25 हजार की आबादी वाला क्षेत्र है। यहां के बच्चों को कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। यहां इन सब वाहनों के नहीं होने से स्थानीय लोगों को अनेक विपत्तियों का सामना करना पड़ता है। इको सेंसिटिव जोन होने के कारण यहां के लोग अपने मकानों की मरम्मत भी नहीं करा सकते। यहां नया बांधकाम करने के लिए पूरी तरह से रोक है।

यहां आने-जाने के लिए कोई सुविधा नहीं होने के कारण यहां के लोग पर्यटकों को ले जाने के लिए हाथगाड़ी का उपयोग करते हैं और मनुष्य, मनुष्य को खींचने का काम करता है। यह मानवता के खिलाफ है। जो नवजवान रोजी-रोटी के लिए हाथगाड़ी खींचने का काम करते हैं, वे अपनी थकान को दूर करने के लिए नशा करते हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि माथेरान जैसे हिल स्टेशन में बैटरी चालित रिक्शा शुरू करने की अनुमति प्रदान की जाए और पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु वहां 'रोप वे' की सुविधा प्रदान की जाए, जिससे नवजवानों को रोजगार मिलेगा। इस हेतु मैं केन्द्र और राज्य सरकारों से आर्थिक मदद की मांग करता हूं।